Hindi | हिन्दी

# MCC की प्रतिबद्धता बाल सुरक्षा के लिए



# बाल सुरक्षा के लिए MCC की प्रतिबद्धता

MCG में आपका स्वागत है, हम आशा करते हैं कि आप हमारे साथ अपने अनुभव का आनंद लेंगे चाहे आप यहाँ खेल देखने के लिए आए हों, टूर करने आए हों, ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय (Australian Sports Museum) का दौरा करने आए हों या किसी गतिविधि या कार्यक्रम में भाग लेने आए हों।

MCG में, हम आपको सुरक्षित रखने और आपकी यात्रा को मजेदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं!



## आपको सुरक्षित रखने के लिए हम क्या करते हैं:

- MCC सभी बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों के लिए MCG में एक सुरक्षित, मैत्रीपूर्ण और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देता है।
- MCC में किसी भी प्रकार के बाल शोषण, नुकसान पहुँचाने या असुरक्षित व्यवहार को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाता है।
- MCC की सुरक्षा नीतियां और प्रक्रियाएं हैं जिनका MCC के सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और ठेकेदारों (कांट्रेक्टरों) को पालन करना अनिवार्य है।
- अपनी बात रखें - हम सभी बच्चों और युवाओं को अपनी बात कहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम आपके विचारों को गंभीरता से लेते हैं, इसलिए हमें बताएं कि हम आपके लिए अपनी सेवाओं को कैसे बेहतर बना सकते हैं।

## सुरक्षित महसूस करें, सुरक्षित रहें और अपनी यात्रा का आनंद लें 😊

MCG POWERED BY MCC

**सुरक्षा-उपायों से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए childsafety@mcc.org.au पर ई-मेल करें**

**किड्स हेल्पलाइन से www.kidshelpline.com.au या निःशुल्क फोन 1800 55 1800 पर संपर्क करें**

**यदि आपको तत्काल खतरा है, तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें**

# MCC बाल सुरक्षा आचार संहिता

## सुरक्षित लोग, सुरक्षित स्थान, शानदार अनुभव

जब हम MCG और इसके अन्य प्रबंधित स्थानों में उपस्थित होते हैं तो हम सभी के अधिकार और जिम्मेदारियाँ होती हैं कि हम सुरक्षित और निष्पक्ष रूप से काम करें। बच्चों और युवाओं के संपर्क में आने वाले अपने सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) से MCC की उम्मीदें हैं।

**सुरक्षा** हम चाहते हैं कि जब आप MCG में कार्यक्रमों में भाग लेने और कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए आएं तो आप सुरक्षित महसूस करें और सुरक्षित रहें। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कर्मचारी, स्वयंसेवक और कांट्रेक्टर (ठेकेदार) आपको सुरक्षित रखने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। यदि आप कुछ ऐसा सुनते या देखते हैं जिससे आपको किसी चीज़ या किसी व्यक्ति के बारे में असुरक्षित या अनिश्चित महसूस होता है, तो इस बात से अवगत रहें कि जिस व्यक्ति पर आप भरोसा करते हैं उसे बताना ठीक है।

**समावेशन** हम सभी पृष्ठभूमि और सभी क्षमताओं के बच्चों और युवाओं का स्वागत करते हैं। हर किसी को MCG में आने और यहाँ का आनंद लेने का अधिकार है।

***अपने बात कहें*** आपके विचार और आपकी सोच मायने रखती है – अगर आपको किसी भी चीज़ में मदद की ज़रूरत है या आपको लगता है कि हम चीजों को बेहतर बना सकते हैं, तो हम आपकी बात सुनेंगे और आपकी फ़ीडबैक (प्रतिक्रिया) पर कदम उठाएँगे।

**सूचित करें** हम MCG में आपके अनुभव को यादगार बनाना चाहते हैं – हम आपको, आपके परिवार और दोस्तों को इस बारे में जानकारी प्रदान करेंगे कि हम आपको कैसे सुरक्षित रखते हैं और यदि कोई समस्या पेश आती है तो क्या करना है।

**MCG में आपके अनुभव को आनंददायक बनाने में हर कोई भूमिका निभाता है।**

**हम MCG में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे और युवा व्यक्ति से अपने खुद के व्यवहार के लिए जिम्मेदार होने और अपने दोस्तों की देखरेख करने का निवेदन कहते हैं।**

**निष्पक्ष रहें** अपने दोस्तों और साथियों (पीयर्स) के प्रति सम्मान दिखाएं। हरेक व्यक्ति MCG में होने के अनुभव का आनंद लेने का हकदार है।

**सुरक्षित रहें** आपके और आपके दोस्तों के लिए सुरक्षा सर्वप्रथम। बाद में पछताने की बजाए सुरक्षित रूप से काम करना हमेशा सबसे अच्छा होता है।

**समावेशी बनें** दोस्तों और साथियों (पीयर्स) के साथ स्वागतमय व्यवहार करें और धैर्य बनाए रखें, खासकर ऐसे लोगों के साथ जिन्हें आप अच्छी तरह से नहीं जानते हों।

**सुरक्षा-उपायों से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए childsafety@mcc.org.au पर ई-मेल करें**

**किड्स हेल्पलाइन से www.kidshelpline.com.au या नि:शुल्क फोन 1800 55 1800 पर संपर्क करें**


**यदि आपको तत्काल खतरा है, तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें**

POWERED BY

# जब आप कुछ सुनते हैं, कुछ देखते हैं

# तो कुछ कहें





**यदि आप कुछ ऐसा सुनते या देखते हैं जिससे आपको असहज या असुरक्षित महसूस होता है, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताना ठीक है।**

आप MCG में काम करने वाले व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को जैसे कि आपके माता-पिता, किसी टीचर या किसी अन्य भरोसेमंद व्यक्ति को बता सकते हैं। आप हमें जो भी बताते हैं हम उसे हमेशा गंभीरता से लेंगे, भले ही आप कोई भी हों या आपकी आयु कुछ भी हो। हम आपकी यात्रा को एक सुरक्षित और आनंददायक अनुभव बनाना चाहते हैं इसलिए कृपया हमें बताएं।

MCG
POWERED BY MCC

**सुरक्षा-उपायों से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए childsafety@mcc.org.au पर ई-मेल करें**

**किड्स हेल्पलाइन से www.kidshelpline.com.au या नि:शुल्क फोन 1800 55 1800 पर संपर्क करें**

**यदि आपको तत्काल खतरा है, तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें**